# ग्राहक केंद्रीयता एवं तकनीक के माध्यम से कार्यनीतिक वृद्धि



"यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का वित्तीय वर्ष 24 के लिए रु.13,468 करोड़ का अब तक का सबसे अधिक शुद्ध लाभ हमारी कार्यनीतिक पहलों एवं परिचालन दक्षता को दर्शाता है.

**ए. मणिमेखलै**
*प्रबंध निदेशक एवं सीईओ*

***प्रिय सम्मानित शेयरधारको,***

मुझे वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की उपलब्धियों और वित्तीय कार्यनिष्पादन का अवलोकन आपके साथ साझा करते हुए बेहद खुशी हो रही है. वैश्विक चुनौतियों के बावजूद, यह वर्ष भारतीय अर्थव्यवस्था और बैंकिंग क्षेत्र दोनों के लिए कई अवसर लेकर आया है. हमारे बैंक की आघात सहनीयता, अनुकूलनशीलता और मूलभूत मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता ने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को मजबूत किया है, जो बैंकिंग क्षेत्र में सकारात्मक रुझानों को दर्शाता है.

## बैंक के कारोबारी कार्यनिष्पादन की प्रमुख विशेषताएं

हमें वित्तीय वर्ष 24 हेतु रु. 13,648 करोड़ का अब तक का सबसे अधिक शुद्ध लाभ घोषित करते हुए खुशी हो रही है, जो 61.83% की प्रभावशाली वृद्धि दर्शाता है. दिनांक 31 मार्च, 2024 को हमारा कुल कारोबार रु. 21.26 ट्रिलियन तक बढ़ गया है, जिसमें रु. 12.21 ट्रिलियन का जमा आधार और रु. 9.05 ट्रिलियन का अग्रिम शामिल है. हमारी आस्ति गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है, सकल एनपीए अनुपात 277 बीपीएस वर्ष दर वर्ष घटकर 4.76% हो गया है, और शुद्ध एनपीए अनुपात 67 बीपीएस घटकर 1.03% हो गया है. प्रावधान कवरेज अनुपात (पीसीआर) 235 बीपीएस वर्ष दर वर्ष सुधरकर 92.69% हो गया है. वित्तीय वर्ष 2024 के लिए हमारी क्रेडिट लागत 0.74% रहा, जिसमें पिछले वर्ष की तुलना में 90 बीपीएस का सुधार है. हमारा शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम) सुधरकर 3.10% हो गया, हमारी आस्तियों पर प्रतिफल (आरओए) 1.03% और इक्विटी पर प्रतिफल (आरओई) 15.58% हो गया. पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीआरएआर) 16.97% के ऐतिहासिक उच्च स्तर पर रहा, जिसमें सीईटी1 अनुपात 13.65% रहा.

## प्रमुख उपलब्धियां

वित्तीय वर्ष 24 में, हमने अर्हता प्राप्त संस्थान स्थानन (क्यूआईपी) के माध्यम से रु. 8000 करोड़ की इक्विटी पूंजी सफलतापूर्वक जुटाई. हमने बाजार पूंजीकरण में रु. 1 लाख करोड़ को पार कर लिया है, और स्टॉक एक्सचेंजों पर शीर्ष 100 सूचीबद्ध संस्थाओं में से एक बन गए. क्रिसिल रेटिंग्स लिमिटेड, केयर रेटिंग्स लिमिटेड और आईसीआरए रेटिंग्स लिमिटेड सहित प्रमुख रेटिंग एजेंसियों ने हमारे कर्ज लिखतों की रेटिंग को अपग्रेड किया है. हमें एमएससीआई ग्लोबल स्टैंडर्ड

इंडेक्स में शामिल किया गया और भारत सरकार द्वारा ईएएसई रैंकिंग इंडेक्स में लगातार बेहतर कार्यनिष्पादन किया है.

## बैंक का दृष्टिकोण

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने लाभप्रदता, आस्ति गुणवत्ता और पूंजी पर्याप्तता में लगातार सुधार पर ध्यान केंद्रित करते हुए सराहनीय कार्यनिष्पादन किया है. संवर्धित हामीदारी अंकन क्षमताएं, वर्टिकलाइजेशन, डिजिटलीकरण, एनालिटिक्स और सुदृढ़ आश्वासन ढांचे जैसी प्रमुख पहल सकारात्मक परिणाम प्रदान कर रही है. हमारा लक्ष्य बैंकिंग उद्योग के अनुरूप अपने कार्यनिष्पादन को बेहतर बनाना है.

> "हमारी डिजिटल परिवर्तन और ईएसजी पहल हमारी सफलता एवं दीर्घकालिक हितधारक मूल्य के प्रति प्रतिबद्धता के प्रमुख तत्व हैं.

## ईएसजी पहलें

हमने नवीकरणीय ऊर्जा, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और सामुदायिक विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए अपनी कारोबारी कार्यनीतियों में ईएसजी प्रथाओं को एकीकृत किया है. हमारा ईएसजी कक्ष हमारे बोर्ड द्वारा अनुमोदित ईएसजी जोखिम ढांचे एवं जलवायु जोखिम नीति द्वारा निर्देशित इन पहलों को आगे बढ़ाता है. हमने नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र एवं विभिन्न सामाजिक पहलों के लिए लगभग रु.27,000 करोड़ की ऋण सुविधाएं प्रदान की हैं, जिनमें स्ट्रीट वेंडर्स, स्वयं सहायता समूहों और महिला उद्यमियों के लिए सहायता शामिल है. इसके अतिरिक्त, हमने अपने आरसेटी तथा यूबीएसएफटी के माध्यम से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए हैं और कई सीएसआर पहलों को कार्यान्वित किया है.

## डिजिटल परिवर्तन

एक व्यापक डिजिटल व्यापार प्लेटफ़ॉर्म के कार्यान्वयन के माध्यम से हमारा बैंक महत्वपूर्ण डिजिटल परिवर्तन से गुजर रहा है. हमने वित्तीय वर्ष 24 में 7 नए सहित कुल 24 डिजिटल यात्राओं को सफलतापूर्वक कार्यान्वित किया है. हमारे व्योम मोबाइल ऐप ने 2.68 करोड़ उपयोगकर्ताओं को जोड़ा है, और वित्तीय वर्ष के दौरान हमारे डिजिटल ऋण एवं एफ़डी ने महत्वपूर्ण वृद्धि देखी गई है. हम सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (सीबीडीसी) पहल में भी सहभागी हैं और हमने उन्नत आईटी तथा साइबर सुरक्षा प्रणालियों को अपनाया है.

## एचआर परिवर्तन

हमारी "एकम" परियोजना, हमारी एचआर परिवर्तन जर्नी का एक प्रमुख घटक है, जो एचआर प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित और संवर्धित करने हेतु डिजिटल एचआर साधनों की एक शृंखला को एकीकृत करती है. इस पहल का उद्देश्य हमारे टैलेंट पूल को मजबूत करना, हमारे पुरस्कार और मान्यता प्रणालियों को परिष्कृत करना और हमारे कार्यनिष्पादन प्रबंधन प्रणाली (पीएमएस) में सुधार करना है. इसके अतिरिक्त, "एकमह्न महिला नेतृत्व को बढ़ावा देता है और अगली पीढ़ी के एचआर प्रथाओं को अपनाते हुए विविधता, समानता और समावेश (डीईआई) पहलों को बढ़ावा देता है. हमें यूनियन स्वर की शुरुआत करते हुए गर्व हो रहा है, यह एक उद्योग-प्रथम पहल है जिसे हमारे कर्मचारियों को व्यापक रूप से सहायता प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है. यह कार्यक्रम हमारे कार्यबल की शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक भलाई को बढ़ाने पर केंद्रित परामर्श सेवाएँ एवं कार्यशालाएँ प्रदान करता है, जो उनकी समग्र स्थिति एवं सफलता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है.

जैसा कि हम एक नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत कर रहे हैं, हम चुनौतियों से निपटने और अवसरों का लाभ उठाने की अपनी कार्यनीति, क्षमताओं और संस्कृति के प्रति आश्वस्त हैं. हम अपने हितधारकों के लिए दीर्घकालिक मूल्य बनाने और भारत का सबसे पसंदीदा बैंक बनने के अपने दृष्टिकोण की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं.

मैं अपने निदेशक मंडल को उनके मार्गदर्शन और समर्थन के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद देती हूँ, और मैं हमारे शेयरधारकों, ग्राहकों, नियामकों और अन्य हितधारकों को उनके भरोसे के लिए आभार प्रकट करती हूँ. मैं अपने कर्मचारियों की उनके समर्पण, कड़ी मेहनत और हमारे लक्ष्यों को प्राप्त करने में हमारी मदद करने के लिए उनके सक्षमता की सराहना करती हूँ.

हार्दिक शुभकामनाओं सहित,

**ए. मणिमेखलै**
*प्रबंध निदेशक एवं सीईओ*